हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। आज विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री मोदी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने भविष्य की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश भी डाला। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षक और संरक्षण में भारत के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया।

****
****

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि कल प्रदेश की विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्वक रहा। उन्होंने बताया कि संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। समुचित चुनावी प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए निर्वाचन सदन में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया।श्री धनपत सिंह ने बताया कि मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होगी और इसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि नगर निगम पानीपत के लिए 9 मार्च को होने वाले मतदान के लिए मतगणना भी 12 मार्च को ही होगी।राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि कि नगर निगम, फरीदाबाद के वार्ड 36, नगर निगम गुरुग्राम के वार्ड 22, नगर निगम करनाल के वार्ड 8 एवं 11 तथा नगर निगम यमुनानगर के वार्ड 9 के प्रत्याशी बिना मुकाबला चुने गए हैं।

इसी प्रकार नगर परिषद, अंबाला के वार्ड 24 एवं नगर परिषद थानेसर के वार्ड 7 और 32 के प्रत्याशी निर्विरोध चुन लिये गये हैं। इनके अलावा नगरपालिकाओं में 17 वार्ड सदस्यों निर्विरोध चुने गये हैं।

****
****

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर का अर्थ यह नहीं है कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने एक बयान में यह बात कही। मीडिया में दो अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र के मुद्दे पर आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता जिस राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहा वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकता।

आयोग के अनुसार मतदाता सूची के डेटाबेस को एरोनेट प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने से पहले विकेंद्रीकृत और मैनुअल व्यवस्था के कारण अलग-अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुछ मतदाताओं को एक ही संख्या वाले मतदाता फोटो पहचान पत्र आवंटित हो गए थे। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आशंका को दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है।

****
****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि पूरे देश से बारह अलग-अलग मामलों में 29 मादक पदार्थ तस्करों को अदालत ने दोषी ठहराया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार नशा तस्करों को सज़ा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। ये तस्कर युवाओं को नशे की गिरफ्त में लाकर उनका जीवन नष्ट कर देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उनकी सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए जाँच-पड़ताल के साथ, नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना जारी रखेगी।

****

****

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकारी विभागों में लगभग 40 प्रतिशत पद खाली पड़े है। रोजगार योग्यता के मामले में हरियाणा देश में नौवें स्थान पर पहुंच गया है।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सी एम आई ई की रिपोर्ट के अनुसार देश में सबसे ज्यादा 37 प्रतिशत बेरोजगारी दर हरियाणा में है। उन्होंने सरकार पर पदों के नए निर्धारण में 13,462 पदों की कटौती करने का आरोप लगाया है।